उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम बुधवार के लिये निर्धारित श्री मुकुल यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 6-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश के जनपद-इटावा बार्डर उदी मोड़ से प्रतिदिन खनन ओवर लोड हो रहा है तो सरकार इसके रोकथाम में हेतु प्रयास कर रही है? | अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियन्त्रण स्थापित किये जाने हेतु जनपद के ग्राम-उदी में आर्टिफिशियल इन्टैलिजैन्स आधारित चेकगेट स्थापित किया गया है।<br><br>2- भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उ०प्र० शासन के शासनादेश संख्या-616/86-2018-371/2005 दिनांक 20.03.2018 एवं शासनादेश संख्या-I/435766/2023 दिनांक 29.11.2023 द्वारा अवैध खनन/परिवहन पर प्रभावी नियन्त्रण स्थापित किये जाने हेतु जनपदीय कार्यबल (टास्क फोर्स) का गठन किया गया है। उक्त के अनुपालन हेतु कार्यालय आदेश दिनांक 04.07.2024 द्वारा जनपद इटावा में अवैध खनन/परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी कार्यवाही हेतु जनपदीय कार्यबल का गठन किया गया है। गठित कार्यबल द्वारा उक्त का अनुपालन किया जा रहा है।<br><br>3- जनपद स्तरीय गठित टास्क फोर्स द्वारा अवैध खनन/परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी कार्यवाही में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 677 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुये राजस्व क्षतिपूर्ति की धनराशि रु० 3.14 करोड़ की वसूली की गयी है एवं कुल 09 प्रकरणों में सम्बन्धित के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी तथा कुल 03 प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 व 21 एवं उ०प्र० उपखनिज (परिहार) नियमावली-2021 के नियम-3, 58 एवं 72 के अन्तर्गत सम्बन्धित के विरुद्ध मा० न्यायालय के समक्ष परिवाद योजित |

किया गया है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह-जून, 2025 तक कुल 153 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुये राजस्व क्षतिपूर्ति की धनराशि रु० 0.66 करोड़ की वसूली की गयी है तथा कुल 01 प्रकरण में सम्बन्धित के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी एवं कुल 01 प्रकरण में मा० न्यायालय के समक्ष परिवाद योजित किया गया है।

| | |
|---|---|
| (ख) यदि हाँ, तो क्या? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | लागू नहीं। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।